# राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन)

**जबकि,** मार्च 2020 के आरंभ से इलिनॉय ने एक ऐसी वैश्विक-महामारी का सामना किया है जो असाधारण रूप से बीमारी एवं जनहानि का कारण बनी है, तथा 270,000 से भी अधिक लोगों को संक्रमित कर चुकी है और यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है, इसने हजारों निवासियों की जान ले ली है; और,

**जबकि**, सारे समय पर विशेष रूप से किसी सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के दौरान, इलिनॉय वासियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का संरक्षण करना राज्य सरकार के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक होता है; और,

**जबकि,** यह महत्वपूर्ण है कि इलिनॉय के जो निवासी बीमार हो जाते हैं उनका पेशेवर चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जाए, जिसमें अस्पताल का बिस्तर, आपातकालीन कक्ष का बिस्तर, या वेंटिलेटर की आवश्यकता शामिल है; तथा,

**जबकि,** यह भी महत्वपूर्ण है कि राज्य के स्वास्थ्य देखभाल और प्रथम प्रतिक्रिया कार्यबल के पास मरीजों का सुरक्षात्मक तरीके से इलाज करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदाओं पर कार्यवाही करने,और संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने के लिए पर्याप्त संख्या में व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) हों; और,

**जबकि,** इलिनॉय कोरोनावायरस रोग 2019 (COVID-19) द्वारा उत्पन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा का सामना कर रहा है और इसके अनुरूप स्वयं को ढाल रहा है, यह रोग एक बिलकुल नया, गंभीर, तीव्र श्वसन रोग है जो श्वसन संचरण के माध्यम से तेज़ी से फैलता है और यह कि अभी-भी इसका कोई प्रभावी उपचार या टीका नहीं मिला है और इससे संपूर्ण राज्य में निवासियों, स्वास्थ्य देखभाल कर्ताओं, प्रथम प्रतिक्रियादाताओं और सरकारों पर जो बोझ पड़ा है वह अभूतपूर्व है; और,

**जबकि,** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 30 जनवरी, 2020 को COVID-19 को अंतरराष्ट्रीय चिंता वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया था, और संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वास्थ्य एवं मानव सेवाएं सचिव (यूनाइटेड स्टेट्स सेक्रेटरी ऑफ़ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेस) ने 27 जनवरी, 2020 को यह घोषणा कर दी थी कि COVID-19 लोक स्वास्थ्य के लिए एक आपात स्थिति प्रस्तुत करता है; और,

**जबकि**, 11 मार्च, 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने COVID-19 प्रकोप को एक वैश्विक महामारी के रूप में चिन्हित किया, और अब इसने पूरे विश्व में COVID-19 के 30 मिलियन से अधिक पुष्टिकृत मामलों एवं इसके कारण लगभग 950,000 मौतों की रिपोर्ट की है; और,

**जबकि,** COVID-19 को रोकने के प्रयासों के बावजूद, विश्व स्वास्थ्य संगठन और रोग नियंत्रण और रोकथाम के संघीय केंद्रों (Federal Centers for Disease Control and Prevention) (CDC) ने संकेत दिया कि वायरस का प्रसार जारी रहने की उम्मीद है और यह वास्तव में तेजी से फैलता रहा, जिसके परिणामस्वरूप संघीय और राज्य सरकारों को महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता है; और,

**जबकि,** 9 मार्च, 2020 को मैं, जेबी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), इलिनॉय का राज्यपाल (गवर्नर), ने COVID-19 के प्रकोप की प्रतिक्रिया में इलिनॉय राज्य की समस्त काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया; और,

**जबकि,** 13 मार्च, 2020 को राष्ट्रपति ने सभी राज्यों एवं राज्य क्षेत्रों, जिनमें इलिनॉय शामिल है, को प्रभावित करते हुए रॉबर्ट टी. स्टैफ़र्ड आपदा राहत एवं आपातकालीन सहायता अधिनियम (Robert T. Stafford डिज़ास्टर रिलीफ़ एंड एमरजेंसी असिस्टेंस एक्ट), 42 U.S.C. 5121-5207 ("स्टैफ़र्ड अधिनियम") इलिनोइस सहित सभी राज्यों और क्षेत्रों को कवर करता है ; और,

**जबकि**, 26 मार्च, 2020 को राष्ट्रपति ने स्टैफ़र्ड अधिनियम के अनुभाग 401 के अनुसरण में इलिनॉय में बड़ी आपदा घोषित की ; और,

**जबकि**, 1 अप्रैल, 2020 को, इलिनॉय में COVID-19 के विस्फोटक फैलाव के कारण, मैंने इलिनॉय राज्य की सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया था; और,

**जबकि**, 30 अप्रैल, 2020 को, इलिनॉय में COVID-19 के लगातार प्रसार के कारण, अस्पताल के बिस्तरों , ER बिस्तरों , और वेंटिलेटरों की कमी होने के ख़तरे के कारण, और अपर्याप्त परीक्षण क्षमता के कारण, मैंने इलिनॉय राज्य की सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया ; और,

**जबकि**, 29 मई, 2020 को, इलिनॉय में COVID-19 के लगातार प्रसार के कारण, और परिणामतः वायरस यानि विषाणु के स्वास्थ्य संबंधी एवं आर्थिक प्रभ ावों के कारण, और परीक्षण क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता के कारण, मैंने इलिनॉय राज्य की सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया; और,

**जबकि**, 26 जून, 2020 को, इलिनॉय में COVID-19 के और अधिक प्रसार, स्वास्थ्य तथा आर्थिक स्थिति पर वायरस के लगातार होने वाले प्रभावों एवं परीक्षण क्षमता को बढ़ाने और रोग के खिलाफ हमारी प्रगति को बनाए रखने की आवश्यकता के उद्देश्य से, मैंने इलिनॉय राज्य के सभी जिलों (काउंटी) को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया है; और

**जबकि,** 24 जूलाई, 2020 को, इलिनॉय में COVID-19 के अधिक उभरने और फैलने , स्वास्थ्य तथा आर्थिक स्थिति पर वायरस के लगातार होने वाले प्रभावों एवं परीक्षण क्षमता को बढ़ाने और रोग के खिलाफ हमारी प्रगति को बनाए रखने की आवश्यकता के उद्देश्य से, मैंने इलिनॉय राज्य के सभी जिलों (काउंटी) को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया है; और

**जबकि,** 21 अगस्त, 2020 को, इलिनॉय में COVID-19 के अधिक उभरने और फैलने , स्वास्थ्य तथा आर्थिक स्थिति पर वायरस के लगातार होने वाले प्रभावों एवं परीक्षण क्षमता को बढ़ाने और रोग के खिलाफ हमारी प्रगति को बनाए रखने की आवश्यकता के उद्देश्य से, मैंने इलिनॉय राज्य के सभी जिलों (काउंटी) को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया है; और

**जबकि**, जब COVID-19 से संबंधित परिस्थितियां तेज़ी से विकसित हो रही हैं तो ऐसे में उभरते आ रहे साक्ष्यों के फलस्वरूप सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों से मिलने वाली जानकारी एवं मार्गदर्शन में बारंबार बदलाव हुए हैं; और,

**जबकि**, COVID-19 की अभूतपूर्व प्रकृति, जिसमें न केवल श्वसन तंत्र बल्कि हृदय, मस्तिष्क, वृक्कों, और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर पड़ने वाले इसके स्वास्थ्य परिणाम शामिल हैं, ने इस विषाणु यानि वायरस के प्रभावों और इसके प्रसार के मार्ग का पूर्वानुमान लगाना कठिन बना दिया है; और,

**जबकि,** आरंभ से ही, आंकड़ों दर्शाते हैं, कि वृद्धजनों और स्वास्थ्य की गंभीर समस्याओं से पीड़ित अन्य व्यक्तियों में COVID-19 के कारण गंभीर, और कभी-कभी घातक, जटिलताएं होने की संभावना अधिक है; और,

**जबकि,** लगातार सामने आ रहे साक्ष्यों ने दर्शाया है कि युवा एवं बच्चे, जिनमें नवजात और घुटनों पर चलने वाले बच्चे भी शामिल हैं, में भी ऐसी जटिलताओं का जोख़िम है; और,

**जबकि,** COVID-19 के नए मामलों में युवा और मध्य-आयु के लोग उल्लेखनीय संख्या में हैं, और अस्पतालों में भर्ती रोगियों में भी, और इस बात का साक्ष्य मौजूद है कि COVID-19 के कारण रक्त के थक्के जमते हैं और मस्तिष्काघात (स्ट्रोक) भी होता है, और इससे युवाओं और मध्य-आयु के ऐसे रोगियों में प्राणघातक मस्तिष्काघात (स्ट्रोक) हुए हैं जिनमें इसके बहुत कम लक्षण दिखे थे; और,

**जबकि,** ऐसे संक्रमित व्यक्तियों जिनमें लक्षण नहीं दिखे हैं, से होने वाले प्रसार के बारे में समझ अब बदल चुकी है, और 12 अप्रैल, 2020 को CDC ने संपर्क जोख़िम की अवधि को ''लक्षणों के आरंभ'' से बदलकर ''लक्षण आरंभ से 48 घंटे पहले'' कर दिया था; और,

**जबकि**, वायरस से संक्रमित हुए कुछ लोगों में लक्षण नहीं दिखते हैं पर फिर भी वे इसे दूसरों तक फैला सकते हैं; और,

**जबकि,** हालांकिं CDC ने शुरू में सुरक्षा के रूप में कपड़े के फ़ेस कवर या मास्क पहनने के विरोध में अनुशंसा की थी, लक्षणहीन और लक्षण-पूर्व संचार पर हुए शोध के नतीजे में, CDC ने अपने निष्कर्षों को संशोधित किया और ऐसे सार्वजनिक स्थानों में कपड़े के फ़ेस कवर पहनने का सुझाव दिया है जहां सामाजिक दूरी के उपायों को बनाए रखना कठिन है; और,

**जबकि,** सार्वजनिक स्वास्थ्य शोध एवं मार्गदर्शन अब जिन सार्वजनिक स्थानों में सामाजिक दूरी के उपाय बनाए रखना कठिन हो वहां कपड़े के फ़ेस कवर पहने की आवश्यकता और प्रभावशीलता की ओर संकेत करता है , और यह संकेत देता है कि बाहर खुले में रोग फैलने का जोख़िम, भवनों के अंदर रोग फैलने के जोख़िम की तुलना में कम है; और,

**जबकि,** चूंकि राज्यपालीय आपदा उद्घोषणाओं (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्र ोक्लेमेशन्स) के दौरान COVID-19 इलिनॉय में फैल चुका है, और संपूर्ण राज्य में आपदा उत्पन्न करने वाली परिस्थितियां बदल चुकी हैं एवं लगातार बदल रही हैं, तो ऐसे में अगले कुछ माह में वायरस का प्रसार का मार्ग क्या होगा इसका निर्णायक पूर्वानुमान लगाना अत्यंत कठिन हो गया है; और,

**जबकि,** जिस समय मैंने प्रथम राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन) जारी की थी तब इलिनॉय की एक काउंटी में COVID-19 के 11 पुष्टिकृत मामले थे; और,

**जबकि,** आज, 18 सितंबर, 2020 तक, इलिनॉय की सभी 102 काउंटियों में COVID-19 के पुष्टीकृत मामलों की संख्या 270,000 से अधिक है; और,

**जबकि,** इलिनॉय में COVID-19 के कारण हुई पहली मृत्यु की घोषणा 17 मार्च, 2020 को हुई थी; और,

**जबकि,** आज, 18 सितंबर, 2020 तक, COVID-19 के कारण इलिनॉय के 8,400 से भी अधिक निवासियों की मृत्यु हो चुकी है; और,

**जबकि,** शुरू से ही, अध्ययनों से पता चला है कि हर पुष्ट मामले के साथ कई और अज्ञात मामले होते हैं, जिनमें से कुछ लक्षण रहित व्यक्ति होते हैं, जो अनजाने ही दूसरों को वायरस का संक्रमण दे सकते हैं; और,

**जबकि,** अब CDC का अनुमान है कि कुछ निश्चित क्षेत्रों में COVID-19 के कुल मामले वर्तमान में रिपोर्ट किए गए मामलों की तुलना में 13 गुना अधिक हो सकते हैं; और,

**जबकि,** राज्य में नए COVID-19 मामलों की संख्या अपने पिछले शिखर से नीचे है, वहीं यह संख्या पिछले कई हफ्तों से बहुत उच्च रही है, और वायरस हजारों व्यक्तियों को संक्रमित कर रहा है एवं प्रतिदिन बहुत से इलिनॉय निवासियों की जान ले रहा है; और

**जबकि,** COVID-19 महामारी सबसे अधिक आबादी वाले काउंटियों तक सीमित नहीं है, और आज तक जिन चौबीस काउंटियों को इलिनॉय लोक स्वास्थ्य विभाग (Illinois Department of Public Health) ने बढ़े हुए COVID-19 जोखिम के चेतावनी संकेतों के रूप में पहचाना है (बॉण्ड, ब्यूरो, कास, क्लिंटन, कोल्स, क्रॉफर्ड, कंबरलैंड, डेविट, एडवर्ड्स, एफिंघम, ग्रीन, जैस्पर, जो डेविस, लॉरेंस, मैडिसन, मैरियन, रॉक आइलैंड, सेंट क्लेयर, शेल्बी, वाशिंगटन, वेन, विलियमसन, वबाश, और यूनियन) वे राज्य के सभी भागों में स्थित हैं; और,

**जबकि**, सावधानियों के बिना COVID-19 कम आबादी वाले क्षेत्र ो ं में भी तेजी से फैल सकता है; forउदाहरण के लिए, जैस्पर काउंटी में, एक अकेले संक्रमित पहले उत्तरदाता ने एक नर्सिंग होम का दौरा किया और संक्रमणों की श्रृंखला को जन्म दिया, यह राज्य में उच्चतम संक्रमण दरों में से एक थी; और इसी तरह, रैंडोल्फ काउंटी में भी एक अकेले संक्रमित व्यक्ति ने मार्च के मध्य में एक कार्यक्रम में भाग लिया, जिस कारण इस काउंटी को भी राज्य की उच्चतम संक्रमण दरों में से एक के रूप में परिणाम भुगतना पड़ा; और,

**जबकि,** राज्य भर में कई काउंटियों ने पिछले 7 दिनों में प्रति 100,000 लोगों पर 75 से अधिक मामलों की रिपोर्ट की है; और,

**जबकि,** राज्य और इलिनॉय लोक स्वास्थ्य विभाग ने एक शमन योजना बनाई है जो क्षेत्र में एक निश्चित स्तर का खतरा होने पर अतिरिक्त रूप से सावधानियां रखने के लिए है; और,

**जबकि,** जहां इलिनॉय वासियों द्वारा बरती गई सावधानी के कारण राज्य में COVID-19 के मामलों और मौतों की संख्या में हाल के कुछ सप्ताहों में गिरावट देखने को मिली है, वहीं जिन अन्य राज्यों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सावधानियों का विरोध किया, अथवा जिन राज्यों ने वे सावधानियां समय से पहले ही हटा लीं, वे राज्य अब कोरोना की विस्फोटक वृद्धि और इसके मामलों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी का अनुभव कर रहे हैं; और,

**जबकि,** U.S. ने कुल 6.6 मिलियन मामलों और लगभग 200,000 मौतों के आंकड़े को पार कर लिया है; और,

**जबकि**, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने COVID-19 के मामलों की एक ''दूसरी लहर'' आने की चेतावनी दी है; और,

**जबकि**, COVID-19 ने अनुपातहीन रूप से ऊंची दर पर इलिनॉय के अश्वेत और हिस्पेनिक निवासियों की जानें ली हैं और उनके स्वास्थ्य को प्रभावित किया है – जिससे स्वास्थ्य संबंधी विषमताएं एवं असमानताएं उल्लेखनीय रूप से बढ़ गई हैं; और,

**जबकि,** इलिनॉय जन स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ) ने अस्पताल संसाधनों के इस्तेमाल एवं क्षमता की आवश्यकता में अचानक बड़े उछाल से बचने के लिए अस्पतालों, स्थानीय स्वास्थ्य विभागों, और आपातकालीन प्रबंधन प्रणालियों के आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयासों में तालमेल बैठाने के लिए अपनी इलिनॉय आपातकालीन संचालन योजना (एमरजेंसी ऑपरेशंस प्लान) और अपना एमरजेंसी सपोर्ट फ़ंक्शन 8 प्लान सक्रिय कर दिया था; और,

**जबकि,** जैसे-जैसे वायरस इलिनॉय में फैला है, राज्य के सामने संकट का बढ़ना जारी है और एक लगातार विकसित होती प्रतिक्रिया की आवश्यकता है ताकि अस्पताल, स्वास्थ्य कर्मी और प्रथम प्रतिक्रिया देने वाले लोग इलिनॉय के सभी निवासियों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करें, और यह लगातार अपडेट होने वाले CDC के मार्गदर्शन के अनुरूप हो; और,

**जबकि,** स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर, प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता, अस्पताल एवं अन्य इकाइयां इलिनॉय के सभी निवासियों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं की पूर्ति में समर्थ हो सकें इसे सुनिश्चित करने के लिए, राज्य के पास अत्यावश्यक आपूर्तियों, जिनमें PPE, जैसे मास्क, फ़ेस शील्ड, गाउन, एवं दस्ताने शामिल हैं, का होना आवश्यक है; और,

**जबकि,** इलिनॉय राज्य एक भंडार बनाकर रखता है जो मौजूदा PPE आपूर्ति शृंखलाओं और विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल इकाइयों के स्टॉक को सहयोग देता है; और,

**जबकि,** राज्य PPE जुटाने का हर संभव प्रयास करना जारी रखे है, और ऐसे में यदि जुटाने के ये प्रयास बाधित होते हैं या इलिनॉय में COVID-19 के मामलों में अचानक उछाल आता है, तो राज्य के सामने स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों और प्रथम प्रतिक्रियाकर्ताओं के लिए श्वसन-यंत्रों (रेस्पिरेटर), मास्क, सुरक्षा चश्मों, फ़ेस शील्ड, दस्तानों, गाउन, और अन्य सुरक्षा उपकरणों की प्राणघातक कमी उत्पन्न हो जाएगी; और,

**जबकि,** हालांकि अस्पताल में भर्तियों की संख्या अपने शिखर की तुलना में घटी है और उसमें स्थिरता आई है, पर इलिनॉय में अस्पतालों के बिस्तर और ICU के बिस्तरों का उपयोग प्रतिशत उल्लेखनीय रूप से अधिक है, और, यदि COVID-19 मामलों की संख्या में और उछाल आता है, तो राज्य के सामने इन अत्यंत महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल संसाधनों की कमी उत्पन्न हो सकती है; और,

**जबकि,** COVID-19 संकट के दौरान, राज्य को COVID-19 परीक्षणों, परीक्षण स्थलों और प्रयोगशालाओं की सीमित संख्या के कारण, और आवश्यक आपूर्तियों, जिनमें नमूने लेने हेतु आवश्यक फ़ाहे शामिल हैं, की कमी के कारण, राज्य में किए जा सकने वाले और प्रोसेस किए जा सकने वाले परीक्षणों की संख्या अब तक सीमित रही है; और,

**जबकि,** जिस समय मैंने प्रथम राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन) जारी की थी, उस समय इलिनॉय में परीक्षण स्थलों की संख्या बहुत कम थी और उनकी COVID-19 के लिए परीक्षण करने की क्षमता मात्र कुछ सौ व्यक्ति प्रतिदिन की थी; और,

**जबकि**, राज्य ने पूरे इलिनॉय में परीक्षण साइटों को विकसित किया है और अब नियमित रूप से प्रति दिन 50,000 से अधिक परीक्षण करता है, तथा राज्य परीक्षण क्षमता को और बढ़ाने के प्रयत्नों पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहा है; और,

**जबकि,** इलिनॉय COVID-19 के कुल 5 मिलियन से भी अधिक नमूनों का परीक्षण कर चुका है; और,

**जबकि**, इलिनॉय की जनसंख्या के लिए समायोजित राष्ट्रीय अनुमान सुझाते हैं कि राज्य को COVID-19 के प्रसार को स्थायी तौर पर धीमा करने और घटाने के प्रभावी प्रयास के भाग के रूप में प्रतिदिन प्रक्रमणित (प्रोसेस) होने वाले परीक्षणों की संख्या लगातार बढ़ाते रहनी होगी; और,

**जबकि,**8,400 से भी अधिक इलिनॉय वासियों को दुखद मृत्यु देने एवं दसियों हजार और निवासियों के शारीरिक स्वास्थ्य को तबाह करने के अतिरिक्त, COVID-19 ने विपुल आर्थिक हानि भी की है और यह अभी-भी लगातार पूरे राष्ट्र एवं राज्य में बड़ी संख्या में व्यक्तियों एवं व्यवसायों की आर्थिक खुशहाली को ख़तरे में डाल रहा है; और,

**जबकि,** पूरे राष्ट्र में, वैश्विक महामारी के आरंभ से अब तक 60 मिलियन से अधिक लोग बेरोज़गारी के दावे दायर कर चुके हैं – यह संख्या अमेरिकी कर्मियों की कुल संख्या की एक-चौथाई है; और,

**जबकि**, इलिनॉय के रोजगार सुरक्षा विभाग ने घोषणा की है कि राज्य की बेरोजगारी दर लगभग 11% की अत्यधिक ऊँचाई पर बनी हुई है; और

**जबकि**, इलिनॉय रोज़गार सुरक्षा विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ एमप्लॉयमेंट सिक्यॉरिटी) इस आर्थिक संकट का कई प्रकार से सामना कर रहा है, जिसमें वैश्विक-महामारी बेरोज़गारी सहायता (पैंडेमिक अनएम्प्लॉयमेंट असिस्टेंस) कार्यक्रम के माध्यम से सहायता देना शामिल है; और,

**जबकि**, वाणिज्य एवं आर्थिक अवसर विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स एंड इकॉनमिक अपॉर्चुनिटी) इस आर्थिक संकट के हल की दिशा में कार्य कर रहा है, जिसमें COVID-19 संबंधी बंद के कारण कार्य करने की अत्यंत सीमित क्षमता का अनुभव करने वाले व्यवसायों के लिए व्यवसाय व्यवधान अनुदान कार्यक्रम (बिज़नेस इंटरप्शन ग्रांट्स प्रोग्राम) के माध्यम से सहायता देना शामिल है; और,

**जबकि**, COVID-19 के कारण हुई आर्थिक हानि एवं असुरक्षा ने व्यवसायों की व्यवहार्यता को और आवास, चिकित्सीय देखभाल, भोजन, एवं निवासियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सीधे प्रभावित करने वाले अन्य अत्यंत महत्वपूर्ण संसाधनों की सुलभता को ख़तरे में डाला है; और,

**जबकि**, COVID-19 स्कूलों के लिए भी असाधारण रूप से विध्वंसकारी रहा है, इसलिए राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक यह है कि नए स्कूल वर्ष में यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्र गुणवत्ता-पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम हों तथा स्कूल छात्रों, शिक्षकों एवं समुदाय के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में भी सक्षम हों; और,

**जबकि,** पूर्वोक्त तथ्यों के आधार पर, और COVID-19 के अपेक्षित निरंतर प्रसार को, तथा संपूर्ण राज्य के लोग आगामी माहों में जिन निरंतर जारी स्वास्थ्य एवं आर्थिक दुष्प्रभावों का अनुभव करेंगे उनपर विचार करते हुए, इलिनॉय में COVID-19 से संबंधित जो वर्तमान परिस्थितियां हैं वे इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट) के अनुभाग 4 के अंतर्गत एक महामारी आपातकाल एवं एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का कारण बनती हैं; और,

**जबकि**, पूर्वोक्त के आधार पर, अस्पताल संसाधनों पर लगातार बना हुआ बोझ, संक्रमणों की संख्या में उछाल आने की स्थिति में इन संसाधनों की संभावित कमी, और PPE की खरीद एवं वितरण बढ़ाने तथा COVID-19 की परीक्षण क्षमता बढ़ाने की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता, इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट) के अनुभाग 4 के अंतर्गत एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का कारण बनते हैं; और,

**जबकि,** इलिनॉय राज्य की यह नीति है कि किसी भी आपदा को संभालने के लिए तैयार रहे और, अतः राज्य के अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराना यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व उपयुक्त है कि हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली उन लोगों की सेवा करने में सक्षम है जो बीमार हैं और यह कि इलिनॉय वासी सुरक्षित एवं महफ़ूज़ रहें; और चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में सक्षम रहें, और,

**जबकि**, इस उद्घोषणा से राज्य ऐसे व्यक्तियों और व्यवसायों की आर्थिक स्थिति को बहाल करने में मदद कर पाएगा जिन्हें COVID-19 के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ा है, इसके द्वारा आगे होने वाले विनाशकारी परिणामों से बचा जा सकेगा; और,

**जबकि,** यह उद्घोषणा वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल पर राज्य की प्रतिक्रियाओं और स्थानीय सरकारों की प्रतिक्रियाओं को सहयोग देने के प्रयास के दौरान राज्य एवं संघीय संसाधनों, जिनमें COVID-19 का परीक्षण करने हेतु आवश्यक सामग्री, व्यक्तिगत सुरक्षा

उपकरण, एवं दवाएं शामिल हैं, में तालमेल बैठाने में इलिनॉय के अभिकरणों (एजेंसियों) की सहायता करेगी; और,

**जबकि,** ये स्थितियां इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट) के अनुभाग 7 के अंतर्गत नई आपदा की उद्घोषणा जारी करने का विधिक औचित्य प्रदान करती हैं; और,

**जबकि,** इलिनॉय का संविधान, अनुच्छेद V, धारा 8 में, यह प्रदान करता है कि "राज्यपाल के पास सर्वोच्च कार्यकारी शक्ति होगी, और वह कानूनों के न्यायसंगत निष्पादन के लिए जिम्मेदार होगा," और प्रस्तावना में कहता है कि, इलिनॉय के संविधान का केंद्रीय उद्देश्य है "लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए कार्य करना,";

**अब**, **अतः**, इलिनॉय के लोगों और सार्वजनिक स्वास्थ्य व सुरक्षा हेतु उत्तरदायी स्थानीय सरकारों की सहायता के हित में, मैं, जे बी प्रि्ट्ज़कर (JB Pritzker), इलिनॉय का राज्यपाल (गवर्नर), एतद्द्वारा निम्नवत उद्घोषणा करता हूं:

**अनुभाग 1.** यह उद्घोषणा, इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20 ILCS 3305/7 के अनुभाग 7 में प्रदत्त समस्त आपातकालीन शक्तियों, जिनमें नीचे वर्णित विशिष्ट आपातकालीन शक्तियां शामिल हैं पर वे उन्हीं तक सीमित नहीं हैं, के उपयोग का अधिकार देती है। यह उद्घोषणा, इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20 ILCS 3305/7 के अनुभाग 7 में प्रदत्त समस्त आपातकालीन शक्तियों, जिनमें नीचे वर्णित विशिष्ट आपातकालीन शक्तियां शामिल हैं पर वे उन्हीं तक सीमित नहीं हैं, के उपयोग के प्राधिकार की अनुमति देती है।

**अनुभाग 2.** इलिनॉय जन स्वास्थ्य विभाग (Illinois Department of Public Health) और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण (Illinois Emergency Management Agency) को यह निर्देश दिया जाता है कि वे वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल हेतु योजना बनाने और उस पर प्रतिक्रिया देने के संदर्भ में एक-दूसरे के साथ तालमेल रखें।

**अनुभाग 3.** इलिनॉय जन स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ) को यह भी निर्देश दिया जाता है कि वह वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के संबंध में जन स्वास्थ्य की रक्षा की रणनीतियों और योजनाओं के विकास और कार्यान्वयन में राज्यपाल (गवर्नर), अन्य राज्य अभिकरणों एवं स्थानीय प्राधिकरणों, जिनमें स्थानीय सार्वजनिक स्वास््थ्य प्राधिकरण शामिल हैं, के साथ सहयोग करे।

**अनुभाग 4.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी) को यह निर्देश दिया जाता है कि वह आपदा प्रतिक्रिया और बहाली कार्यक्रमों में स्थानीय सरकारों की सहायता हेतु राज्य के संसाधनों का समन्वयन करने के लिए राज्य आपातकालीन संचालन योजना (स्टेट एमरजेंसी ऑपरेशंस प्लान) कार्यान्वित करे।

**अनुभाग 5.** प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक आपातकालीन खरीद, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट) द्वारा अधिकृत अन्य आपातकालीन शक्तियों के संब्ध में सहायता देने के लिए, इलिनॉय अधिप्राप्ति संहिता (प्रोक्योरमेंट कोड) के वे उपबंध जो आपदा का सामना करने में आवश्यक कार्रवाई को किसी भी प्रकार से रोकते, बाधित करते, या विलंबित करते हों, उस सीमा तक स्थगित किए जाते हैं जिस सीमा तक कि वे संघीय कानून के लिए आवश्यक नहीं हैं। यदि आवश्यक हो तो, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20, ILCS 3305/7(1) के अनुभाग 7(1) के अनुसरण में, राज्यपाल (गवर्नर) अतिरिक्त संविधियों, आदेशों, नियमों, और विनियमों को स्थगित करने के लिए उपयुक्त सरकारी कार्रवाई कर सकता है।

**अनुभाग 6.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20, ILCS 3305/7(3) के अनुभाग 7(3) के अनुसरण में, यह उद्घोषणा राज्यपाल (गवर्नर) के, आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यक्रमों को निष्पादित या सुगमित करने के उद्देश्य से राज्य के विभागों और उनके अभिकरणों या इकाइयों के निर्देश, कार्मिकों या कार्यों को स्थानांतरित करने के प्राधिकार को, आवश्यकतानुसार, सक्रिय करती है।

**अनुभाग 7.** इलिनॉय जन स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ), इलिनॉय बीमा विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ इंश्योरेंस), और इलिनॉय स्वास्थ्य देखभाल एवं परिवार सेवाएं विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थकेयर एंड फ़ेमिली

सर्विसेज़) को यह निर्देश दिया जाता है कि वे COVID-19 और उसके परीक्षण के लिए विस्तारित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें उपभोक्ताओं को COVID-19 की पहचान करने और उपचार सेवाएं पाने में वित्तीय बाधाओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए आवश्यक कार्रवाइयों की अनुंशसा करें।

**अनुभाग 8.** इलिनॉय राज्य शिक्षा बोर्ड (स्टेट बोर्ड ऑफ़ एजुकेशन) को निर्देश दिया जाता है कि वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल से जुड़ेअध्ययन के किसी भी दुष्प्रभाव को दूर करने पर ध्यान देने के लिए/का हल निकालने के लिए, और इस उद्घोषणा के प्रभावी रहने के दौरान दूरस्थ-शिक्षण (दूरस्थ -लर्निंग), जो इलिनॉय स्कूल संहिता (स्कूल कोड), 105 ILCS 5/1-1 एवं अनुवर्ती, में विद्यमान है, के उपयोग में जो भी बाधाएं हों उन्हें घटाने के लिए, आवश्यक कार्रवाइयों की अनुशंसा करें, और, उपयुक्ततानुसार, वे कार्रवाइयां करें।

**अनुभाग 9.** राज्य के सभी अभिकरणों (एजेंसियों) को यह निर्देश दिया जाता है कि वे वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के आर्थिक प्रभाव का सामना करने और उससे उबरने की रणनीतियों एवं योजनाओं के विकास एवं कार्यान्वयन में राज्यपाल (गवर्नर), अन्य राज्य अभिकरणों और स्थानीय प्राधिकरणों का सहयोग करें।

**अनुभाग 10.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम (एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी एक्ट), 20, ILCS 3305/7(14) के अनुभाग 7(14) के अनुसरण में, इलिनॉय राज्य में वस्तुओं या सेवाओं, जिनमें चिकित्सीय आपूर्तियां, सुरक्षा उपकरण, दवाएं और वे अन्य उपयोगी वस्तुएं शामिल हैं जो COVID-19 की रोकथाम या के उपचार और उससे उबरने/स्वास्थ्य लाभ करने के लिए अभीष्ट हैं, के विक्रय मूल्य में इस उद्घोषणा के प्रभावी रहने के दौरान वृद्धि करना निषिद्ध रहेगा।

**अनुभाग 11.** यह उद्घोषणा संघीय आपातकालीन और/या आपदा सहायता के अनुरोधों को स्वीकारना सुगम बना सकती है, बशर्ते क्षति का पूर्ण व व्यापक आकलन यह इंगित करे कि प्रभावी बहाली राज्य और प्रभावित स्थानीय सरकारों की क्षमताओं से परे है।

**अनुभाग 12.** राज्यसभा विधेयक (सीनेट बिल) 2135 (101वीं महासभा (जनरल असेंबली), अनुच्छेद 15, अनुभाग 15-5, जो मुक्त बैठक अधिनियम (ओपन मीटिंग्स एक्ट), नवीन अनुभाग 5 ILCS 120/7(e)(4) को संशोधित करता है, के प्रयोजनों के लिए मैं यह पाता हूं कि इस उद्घोषणा में उल्लिखित विषयगत सार्वजनिक स्वास्थ्य की चिंताएं, नियमित बैठक स्थल पर पचास से अधिक लोगों की व्यक्तिगत उपस्थिति को असंभाव्य बनाती हैं।

**अनुभाग 13.** यह उद्घोषणा तत्काल प्रभावी होगी और 30 दिनों तक प्रभावी रहेगी।

जिसे साक्षी मानकर, मैंने इस दस्तावेज़ पर मेरे हस्ताक्षर किए हैं और इलिनॉय राज्य की महान मोहर लगवाई है।

इस कार्य को हमारे परमेश्वर के दो हज़ार बीसवें वर्ष और इलिनॉय राज्य के दो सौ बीसवें वर्ष में तथा सितंबर के 18वें दिन स्प्रिंगफ़ील्ड (Springfield) शहर में विधायिका व कार्यपालिका भवन (कैपिटल) में संपन्न किया गया।

राज्य के सचिव

राज्यपाल (गवर्नर)